भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4317

उत्तर देने की तारीख : 18.03.2026

असम में अल्पसंख्यक कल्याण योजनाएँ

†4317. मोहम्मद रकीबुल हुसैन:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कमियों क्षेत्रीय असंतुलन या पात्र लाभार्थियों के बहिष्कार की पहचान करने के लिए असम में अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं के जिलावार कवरेज का मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हां, तो उन जिलों का ब्यौरा क्या है जहां योजना की पहुंच कम है या जहां योजनाओं का लाभ कम पहुंचा है;

(ग) क्या उक्त जिलों में अल्पसंख्यक समुदायों में जागरूकता और नामांकन में सुधार लाने के लिए कोई विशेष अभियान चलाया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसे सुधारात्मक उपायों के परिणामस्वरूप क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों, संबंधित संगठनों/संस्थानों और लाभार्थियों सहित सभी हितधारकों के साथ चिंतन शिविर, कार्यशालाओं, सेमिनारों और बैठकों आदि के आयोजन के माध्यम से अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, उनके वास्तविक प्रभाव, कार्यान्वयन एजेंसियों और लाभार्थियों के समक्ष आने वाली समस्याओं की नियमित रूप से समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय की योजनाओं/कार्यक्रमों का मूल्यांकन/प्रभाव अध्ययन स्वतंत्र तृतीय-पक्ष संगठनों से कराया जाता है। पहचानी गई किसी भी कमी या खामी को दूर करने के लिए योजनाओं/कार्यक्रमों में आवश्यक संशोधन किए जाते हैं।

*****